श्याम तेरे दर पे आया हूँ चाकर रख ले भजन लिरिक्स

श्याम तेरे दर पे,
आया हूँ चाकर रख ले,
मुझे इक बार,
चाकरी का मौका दे दे,
श्याम तेरे दर पें,
आया हूँ चाकर रख ले।bd।

तर्ज – हम तेरे शहर में आए है।

तेरे दरबार से खाली,
ना कोई जाता है,
हर दुखी प्रेमी को,
बस तू ही समझ पाता है,
जल्दी मुलाकात का बाबा,
तू मौका दे दे,
श्याम तेरे दर पें,
आया हूँ चाकर रख ले।bd।

तू भी नज़रें जो,
फेर लेगा कहाँ जाएंगे,
दिल की हर बात,
जाके किसको हम सुनाएंगे,
मुझे अपने दिल में,
छोटा सा कोना दे दे,
श्याम तेरे दर पें,
आया हूँ चाकर रख ले।bd।

'प्रिंस' है दास तेरा,
तुझको ना भुलायेगा,
तेरा दर छोड़ कर कहीं,
और ना वो जायेगा,
'मोना' कहती है,
जल्दी से आसरा दे दे,
श्याम तेरे दर पें,
आया हूँ चाकर रख ले।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

श्याम तेरे दर पे,
आया हूँ चाकर रख ले,
मुझे इक बार,
चाकरी का मौका दे दे,
श्याम तेरे दर पें,
आया हूँ चाकर रख ले।bd।

Singer – Prince Harry

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com